## एक नजर में

### श्री चैत्र मां नवरात्रि महोत्सव समिति की साधारण सभा में पहुंचे 600 सदस्य



**बुरहानपुर।** श्री चैत्र मां नवरात्रि महोत्सव समिति किला रोड की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आमसभा में समिति के लगभग 600 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश खत्री जी ने की। समिति के अध्यक्ष आशीष लकड़वाला सहित प्रमुख सदस्यों निखिल मुंशी, निलेश दलाल, चेतन मुंशी, सुनीता बेन शाह, राहुल शाह, दीपक मोदी, गजेंद्र गुप्ता, हेमंत चौधरी, मयूर शाह, नटवर भगत एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

सभा में गत वर्ष के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी चैत्र नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों द्वारा आय.व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने अपने सुझाव रखे और आगामी महोत्सव को और अधिक भव्यए सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

अंत में अध्यक्ष आशीष लकड़वाला ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आगामी आयोजन में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे चैत्र नवरात्रि महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। मंच संचालन अशोक जी शाह द्वारा किया गया।

### कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न शासकीय योजनाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने राजस्व वसूली, स्वरोजगार योजनाओं, पीएम आवास, आधार शिविर, आयुष्मान निरामय अभियान, परख एप, ई.ऑफिस तथा विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं, अभियानों, कार्यो सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बारी.बारी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किये जाएं। कार्यों में देरी या लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के आरोपियों को किया पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बुरहानपुर।** रुपलाल पिता सानु कास्डेकर जाति कोरकू उम्र 60 साल निवासी ग्राम रगई दिनांक 05/04/2025 को मेरे खेत में हल्दी की फसल को निकाल कर मजदूरों से हल्दी ट्राली के अंदर करीबन 25 क्विंटल भरकर खेत मे खडी करके शाम करीब 07 बजे घर आ गया था ।दुसरे दिन खेत पर ट्राली नही दिखा आसपास के गांवो मे तलाश करते पिपरी बोरबन फटे के पास किनारे पर मेरे खेत की हल्दी करीबन 25 क्विंटल गिराकर चला गया । परंतु मेरी ट्राली नही मिली जो आसमानी रंग की होकर सफेद पट्टा होकर हाईड्रोलिक व दो टायर लगे है किमती करीबन 90000/-रुपये को कोई अज्ञात बदमाश खेत से चुराकर ले गया है । पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा दिये गये निर्देशो के पालन में अतिण् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आज दिनांक 22/02/2026 को थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई की उक्त प्रकरण दो आरोपियो व्दारा चोरी की गई है जिन्हे मुखबीर की निशादेही पर पकडा गया ।जिसने पुछताछ करते भीमसिंह पिता मोहन गोथरे जाति भिलाला उम्र 27 साल निवासी ग्राम मोहनगढ,प्रेमसिंह पिता ध्यानसिंह भिलाला उम्र 25 साल निवासी ग्राम जामनिया को होना बताया । दोनो से हिकमत अमली से पुछताछ करते दोनो संदेहियो ने जुर्म करना स्वीकार किया ।जिनके व्दारा बताया गया कि दिनांक 05/04/2025 की रात को रूपसिंह के खेत से हल्दी से भरी ट्राली चोरी कर हल्दी को ग्राम पिपरी के पास खाली कर उक्त ट्राली को छुपाना बताया । दोनो आरोपियो के निशादेही पर ट्राली को जप्त किया गया। दोनो आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियो का पुलिस रिमांड प्राप्त कर अन्य चोरी के अपराधो में पुछताछ की जा रही है ।

**गिरफ्तार आरोपी:**-भीमसिंह पिता मोहन गोथरे जाति भिलाला उम्र 27 साल निवासी ग्राम मोहनगढ, प्रेमसिंह पिता ध्यानसिंह भिलाला उम्र 25 साल निवासी ग्राम जामनिया।

**आरोपियों से जब्त किया माल:**-आरोपी से घटना में प्रयुक्त 01 ट्रेक्टर और01 ट्राली जब्त की गई।'

**महत्वपूर्ण भूमिका:**-निरीक्षक अभिषेक जाधव,सउनि अजीज शेख,सउनि जगदीश,प्रआर सतीश पटेल,आर.सुनिल धुर्वे ,आर जितेन्द चौहान ,आर मंगल पालवी, आर अनिल डावर, आर. गोविन्दा, आर रुपेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

### माताजी की 26 पुण्यतिथि पर इच्छा देवी मंदिर परिसर में ठंडे पानी के लिए मशीन दान



**ईच्छापुर।** डोईफोडिया निवासी अरविन्द मुरलीधर चौकसे द्वारा 23/02/2026 सोमवार को उनकी परमपुज्यनीय माताजी की 26 पुण्यतिथि पर ईच्छा देवी मंदिर परिसर में ठंडे पानी मशीन लगाकर माताजी का आशिर्वाद प्राप्त कर धन्य हो गए। इसी प्रकार उन्होने 29/12/25 को भी परमपुज्यनीय पिताजी की 25वीं पुण्यतिथि पर मोती माता मेले पर गुरुद्वारा में ठंडे पानी मशीन लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया है । छोटे भाई संजय मुरलीधर चौकसे की 4 थी 4/5/25को पुण्यतिथि पर डोईफोडिया बस स्टेशन पर ठंडे पानी मशीन लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया है ।

# अर्चना चिटनिस और महापौर माधुरी पटेल ने किया एबीसी सेंटर का निरीक्षण

## आवारा कुत्तों और रैबीज पर नियंत्रण की दिशा में बड़ा कदम




**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या और रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी के खतरे को देखते हुए नगर निगम बुरहानपुर ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा शहर में एबीसी, एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान की शुरुआत की गई है, जिसके तहत आवारा कुत्तों की नसबंदीए रैबीज का टीकाकरण एवं संपूर्ण स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके क्षेत्र में वापस छोड़ा जा रहा है।

इस जनहितकारी अभियान के तहत विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस दीदी और महापौर माधुरी अतुल पटेल ने रेणुका माता रोड स्थित नगर निगम के एबीसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाओं, चिकित्सकीय सुविधाओं, फील्ड टीम की कार्यप्रणाली एवं अभियान की प्रगति की समीक्षा की और नगर निगम की इस पहल को सराहनीय बताया। अभियान के तहत अब तक 900 से अधिक आवारा कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है।

**नगर निगम की पहल दूरदर्शी और जनहितकारी...:**- निरीक्षण के दौरान अर्चना चिटनिस ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थींए जिससे रैबीज जैसी घातक बीमारी का खतरा बढ़ गया था। ऐसे में नगर निगम द्वारा एबीसी अभियान की शुरुआत करना एक दूरदर्शी, वैज्ञानिक और मानवीय पहल है। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार और नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एबीसी अभियान से आवारा कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी से नागरिकों को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने नगर निगम बुरहानपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगा।

**वैज्ञानिक पद्धति से हो रही नसबंदी और टीकाकरण प्रक्रिया:**- चिटनिस ने बताया कि नगर निगम की विशेष प्रशिक्षित टीमों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों से आवारा कुत्तों को मानवीय तरीके से पकड़ा जा रहा है। पकड़े गए कुत्तों को नगर निगम के एबीसी सेंटर लाया जाता है, जहां उनकी नसबंदी, रैबीज टीकाकरण एवं संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाती है। नसबंदी के पश्चात कुत्तों के कान में विशेष पहचान टैग लगाया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित कुत्ते का टीकाकरण और नसबंदी पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद कुत्तों को पुन: उसी क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है, ताकि उनके क्षेत्रीय व्यवहार में असंतुलन न हो और वे आक्रामक न बनें।

**स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बुरहानपुर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल :**- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि एबीसी अभियान शहर को सुरक्षितए स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अभियान में सहयोग करें और किसी भी आवारा कुत्ते की जानकारी नगर निगम को देंए ताकि टीम द्वारा उसे उपचार एवं टीकाकरण के लिए लाया जा सके। यह पहल जन स्वास्थ्य, स्वच्छता और पशु संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और रैबीज के संभावित खतरे को देखते हुए नगर निगम ने एबीसी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से न केवल आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित होगी, बल्कि रैबीज जैसी घातक बीमारी के प्रसार पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा।

उन्होंने कहा कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनके मूल क्षेत्र में वापस छोड़ा जा रहा, जिससे उनके स्वभाव में आक्रामकता कम होगी और वे बीमारी के वाहक नहीं बनेंगे। नगर निगम द्वारा इस अभियान के लिए आवश्यक संसाधन, पशु चिकित्सक, फील्ड स्टाफऔर तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**नागरिकों के लिए राहत, पशु कल्याण को भी प्राथमिकता:**- नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एबीसी अभियान से शहर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी आएगी और नागरिकों को भयमुक्त वातावरण मिलेगा। साथ ही यह अभियान पशु कल्याण को ध्यान में रखते हुए मानवीय तरीके से संचालित किया जा रहा है,जिससे पशुओं को नुकसान पहुंचा, बिना उनकी संख्या नियंत्रित की जा सके।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, चिंतामन महाजन, कैलाश पारीख, आशीष शुक्ला, रूद्रेश्वर एंडोले, फिरोज तड़वी, दिवाकर कोली, सुनिल वाघे, दुर्गेश शर्मा , कृष्णा शाह, नगर निगम के अधिकारी, पशु चिकित्सक, फील्ड स्टाफ, स्वच्छता विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजसेवी महेंद्र जैन को जनजागृति संस्था का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा सम्पूर्ण जीवन को सेवा का स्वरुप देकर,लक्ष्य बनाकर समर्पित कर दिया हो ऐसे संस्था के महेंद्र जैन को जो की हमारी संस्था के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष होने के साथ-साथ जिले की कई समाजिक संस्थाओ ,समाजो,संगठनो एवं कई शासकीय विभागों व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर एवं कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर अपने पदों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपको पूर्व में अनेको पुरस्कार, अवार्ड व् प्रशस्ति पत्र कई संस्थाओ ,समाजो ,संगठनो व् विभागों द्वारा प्रदत्त किया गया है। आपकी इसी कायशैली,कुशल नेतृत्व की क्षमता ,कार्य के प्रति ईमानदारी ,समर्पण व् निस्वार्थ भाव से जो आपने सेवा की है इसी फलस्वरूप जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने एवं कॉग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय रघुवंशी के करकमलों व संस्था के समस्त पदाधिकारियों व् सदस्यों की उपस्थिति में लाइफटाइम अचिव्हमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ.किरण सिंह ,संरक्षक व् सलाहकार डॉ फौजिया सोडावाला ,कार्यक्रम संयोजक सुनील सलुजा उपस्थित थे।

कोंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय रघुवंशी ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक सेवा क्षेत्र के सबसे बड़े प्रेरणा स्त्रोत महेंद्र जैन को यह अवार्ड संस्था द्वारा प्रद्दत करना वह भी हमारे करकमलो से यह हमारे लिए बड़े ही गौरव की बात है। क्योकि आपने सम्पूर्ण जीवन में समाज को अपने कार्यो के माध्यम से कुछ ना कुछ दिया ही है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने संबोधित करते हुए कहा की महेंद्र जैन हमारे मार्गदर्शक है वाकई जीवन में सच्ची सेवा वह भी निस्वार्थ भाव से सेवा करना हो तो वह महेंद्र जैन से अच्छा कोई व्यक्तित्व इस जिले में नही है। आपके कार्यो को देखते हुए युवा पीढ़ी को समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने का एक बेहतर मार्ग प्रशस्त होता है। प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ रमेशचन्द्र धुआधार ने किया।

इस अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर डॉ हर्ष वर्मा , शोभा चौधरी ,हरिओम अग्रवाल ,मेहुल जैन, कैलाश अग्रवाल,सुमेरा अली, रजनी गट्टानी , रविन्द्र महाजन ,विवेक हकीम, विनय सूर्यवंशी उपस्थित थे। संचालन संस्था सदस्य आर. एस. ठाकुर ने किया एवं आभार संस्था सचिव आशा तिवारी ने माना।उपरोक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक सुनील सलूजा ने दी।

## अरुण जोशी समाज सेवा संघ अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुरकर जोशी समाज सेवा संघ बुरहानपुर द्वारा श्री गौरी शंकर नवग्रह मंदिर में जोशी समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमे सर्व सहमति से बुरहानपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी एवं अन्य कई सामाजिक व् राजनितिक पार्टी में कुशल कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाने वाले अरुण जोशी को समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश जोशी ,समाज के वरिष्ठ जन सर्व श्री रविन्द्र महाराज,प्रभाकर जोशी,सुधाकर जोशी,दिलीप जोशी,भुवनेश जोशी के साथ साथ समाज के अन्य सम्मानीय सदस्य ईश्वर जोशी,गजानन जोशी, अजय जोशी,सुनील जोशी ,संजय जोशी,राहुल जोशी,मनोज जोशी, जीवन जोशी,विकाश जोशी,रमेश जोशी, नीलेश जोशी,मंटू जोशी,आशु जोशी,श्रवण जोशी,वीर जोशी के साथ साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे स अरुण जोशी के अध्यक्ष बनने पर समाजजनों द्वारा भावभीना स्वागत कर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कोरकू कल्याण समिति की बैठक



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** कोरकू कल्याण समिति के तत्वावधान में आगामी होली पर्व के अवसर पर समस्त आदिवासी समाजजनों द्वारा बैठक रखी गई जिसमें सर्वसम्मति से कोरकू कल्याण समिति में जिला सचिव के पद रिक्त पर चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से राजकुमार पटेल को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। रामगोपाल कास्डेकर को तहसील अध्यक्ष,गोविंद धान्डे, राजेश ठाकरे तहसील उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। बैठक में तय किया गया कि 6 मार्च को रायतलाई मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समाज में शिक्षा, विवाह समारोह करा,जाने, नशामुक्ति को लेकर प्रयास करने आदि विषयों को लेकर चर्चा हुई। कोरकू कल्याण समिति अध्यक्ष केशवराम भीलावेकर, मनमोहन पटेल, तुलसीराम गौतम, तुकाराम सायरकर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सीनियर राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में बुरहानपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश कुराश एसोसिएशन, भोपाल द्वारा दिनांक 22 फरवरी 2026 को आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन ताश क्लब भेलए भोपाल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 15 से अधिक जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता इंदौर में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। दिनांक 22 फरवरी 2026 को आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन ताश क्लब भेलए भोपाल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बुरहानपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

बुरहानपुर जिले के विजेता खिलाड़ी:-55 किग्रा वजन वर्ग , हेमंत ठाकुर:- द्वितीय स्थान,90 किग्रा वजन वर्ग :- अनिकेत ठाकुर :- प्रथम स्थान ,120 किग्रा वजन वर्ग :-उमेश प्रजापति:-प्रथम स्थान सभी विजेता खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश कुराश एसोसिएशन द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी गौरव पाटिल द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी गई।

उक्त विजेता खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 मार्च से 31 मार्च 2026 इंदौर में होगा। मध्य प्रदेश राज्य टीम जिले के खिलाड़ियों की, इस उपलब्धि से बुरहानपुर जिले में खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा एवं उत्साह प्राप्त हुआ है।

## 73वें संविधान संशोधन के 29 विषयों को अधिकार नहीं दे पा रही है सरकार : अशोक सिंह जादौन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** महाराष्ट्र से बुरहानपुर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद अशोक सिंह जादौन पूरे भारत में जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक रथ यात्रा निकलेंगे ,यात्रा जो सरकार को जगाने का काम करेगी, मिशन चलो गांव की ओर स्मार्ट गांव बनाएंगे ,73वें संविधान संशोधन के 29 विषयों को जो सरकार पंचायत को अधिकार नहीं दे पा रही है,विधायक और सांसदों की तरह वेतन एवं पेंशन मिले और स्व सहायता निधि त्रिस्तरी पंचायत सरपंच जनपद सदस्य और जिला पंचायत को दी जाए,इसको लेकर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के नेतृत्व में एक विशाल महासम्मेलन भोपाल में किया गया था। मोहन यादव जी एवं प्रहलाद पटेल जी ने कई आश्वासन दिए थे, जो कि अभी पूरे नहीं हो रहे हैं। यह बात राष्ट्रीय महासचिव एवं महाराष्ट्र प्रभारी प्रीति सिंह राठौड़ ने कही। उन्होने कहा कि महाराष्ट्र की जल्दी ही प्रदेश अध्यक्ष एवं 48 जिलों के जिला अध्यक्ष नियुक्त करने जा रहे हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जादौन साहब रावेर में बलवंत राय मेहता की जन्म शताब्दी एवं शिवाजी महाराज की जन्मशताब्दी पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों का सम्मान किया । एम विधायक अनिल चढ़े जिससे मुलाकात की उन्होंने विधानसभा में उठाने की बात की यह संकल्प लिया की पंचायती राज में प्रदत्त शक्तियों को सरकार जल्द से जल्द देना चाहिए ।73वें संविधान संविधान संशोधन में जो अधिकार पंचायत को मिलना चाहिए वह नहीं मिले आदि मुद्दों को लेकर प्रेस वार्ता रखी गई थी। जिसमें किसान संघ के संरक्षक शिवकुमार सिंह कुशवाहा की उपस्थित थे ।इस दौरान रघुनाथ पाटिल जी अनिल महाजन विधायक पूर्व विधायक रविंद्र महाजन से चर्चा की। खड़कोट में ट्रस्ट एवं इच्छापुर ट्रस्ट के द्वारा स्वागत किया गया।

## श्री नाग बाबा मंदीर पर स्वामी समर्थ महाराज पाठ का वाचन



**नवभारत न्यूज,**

**इच्छापूर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री नाग बाबा मंदीर पर स्वामी समर्थ महाराज के पाठ के वाचन का समापन हुवा। जिसमे नव.नाथ महाराज के पाठ का भी वाचन हुवा। मंदीर पर श्री संजय महाराज द्वारा शिव लिंग की पूजा अर्चना कर महाआरती हुई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण 12 बजे से भोजन का कार्यक्रम शाम 7 तक चलता रहा। 10 हजार से अधिक भक्तो ने प्रसाद का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी जनप्रतिनिधी एवं बोरसर,दापोरा ,अडगांव,अंतुर्ली, भोटा वारोली ,बुरहानपुर आदी गांवों के भाविक भक्त भी शामील हुए। इस कार्यक्रम चंदू पवार, अंबादास पाटील ,निलेश पवार, प्रमोद निबाळकर ,शिवा तायडे ,वैभव गुरव,वैभव पटिल आदी भाविक भको का सहगोग उल्लेखनिय रहा।

**एक नजर** फिर जागी नेपा मिल में कागज उत्पादन की उम्मीद, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने नए सीएमडी की नियुक्ति की...

# नरेश सिंह ने संभाला सीएमडी का प्रभार, नेपा लिमिटेड में टेकओवर-हैंडओवर प्रक्रिया



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** अखबारी कागज कारखाना नेपा लिमिटेड में एक बार फिर से कागज उत्पादन प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जागी हैए वह इसलिए क्योंकि एक बार फिर से केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने यहां नए सीएमडी की पदस्थापना की हैए जिससे यह लग रहा है कि केंद्र सरकार नेपा का कागज कारखाना चलाने के लिए प्रयासरत है। सोमवार को नेपा मिल में बीएचईएल भोपाल के नरेश सिंह ने सीएमडी का कार्यभार संभाला।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में सोमवार को आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में टेकओवर,हैंडओवरप्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप हुई। इस अवसर पर सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मैडल से बीएचईएल भोपाल के नरेश सिंह ने नेपा लिमिटेड के सीएमडी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की वर्तमान कार्यस्थिति, उत्पादन पुन: प्रारंभ करने की संभावनाओं, उपलब्ध संसाधनों के युक्तिसंगत उपयोग, प्रशासनिक समन्वय के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। नवागत सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों के साथ प्रारंभिक समीक्षा बैठक कर संचालन से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी प्राप्त की तथा प्राथमिकताओं का निर्धारण किया। बैठक के दौरान यह अवगत कराया गया कि गत अवधि में संस्थान को कच्चे माल की उपलब्धताए वित्तीय प्रबंधन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से उत्पादन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के प्रयास किए जाएंगे। कर्मचारी हितों तथा संस्थान की दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता में रखा जाएगा। इस दौरान निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य व कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक आईटी व वित्त संजीव कानडे, तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी,सीएमडी के निज सहायक शिरीष येलवनकर उपस्थित रहे।

### लंबे समय से मिल में ठप्प है कागज उत्पादन

नेपा मिल में लंबे समय से कागज उत्पादन प्रक्रिया ठप्प पड़ी है।2022 में मिल दोबारा अस्तित्व में आई थी तब यहां उम्मीद जागी थी कि मिल में पहली की तरह ही कागज उत्पादन होगाए लेकिन यह उम्मीदें ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह पाई। मिल में रॉ मटेरियल की अनुपलब्धता के चलते कागज उत्पादन की प्रक्रिया बंद हो गई। केंद्र सरकार से भी बाद में कोई पैकेज नहीं मिला। सांसद, श्रमिक संघ सहित ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से लगातार मांग की जाती रही, लेकिन पैकेज नहीं मिला। अब केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने नए सीएमडी की नियुक्ति कर संकेत दिए हैं कि वह मिल चालू रखने को लेकर गंभीर है।

**सालभर से वेतन का भुगतान नहीं :**- नेपा मिल में कार्यरत अफ्सर, कर्मचारियों को करीब सालभर से वेतन नहीं मिला है। पहले यह वेतन करीब दो से तीन माह में दे दिया जाता था, लेकिन सालभर उत्पादन ठप्प होने से वेतन भी नहीं मिल पा रहा है जिससे कर्मचारियों को आर्थिक रूप से भी परेशान होना पड़ रहा है।